हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 13 अंक : 47 देहरादून, बुधवार, 07 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पूर्व सीएम हरीश रावत ने भेंट की 3

# मुख्यमंत्री धामी ने किया अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

## अधिकारियों को जल्द जनजीवन सामान्य बनाने के दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रुद्रप्रयाग जनपद के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों राहत एवं बचाव कार्यों तथा पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इससे पहले उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा करते हुए अतिवृष्टि से हुयी क्षति की जानकारी ली। वहीं सभी विभागों को यात्रा शुरू करने के लिए उनके स्तर से किए जा रहे प्रयासों एव तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त मार्गों, पेयजल एवं विद्युत लाइनों को यथाशीघ्र बहाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने श्रीकेदारनाथ धाम पैदल यात्रा को शीघ्र शुरू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रीकेदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा को बुधवार से ही शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि हेली सेवा के माध्यम से दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को किराए में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, जिसका वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने यात्रा शुरू करने के लिए किए जाने वाले कार्यों में भी स्थानीय लोगों से सुझाव एवं सहयोग की भी अपील की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामपुर जीएमवीएन में स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने प्रभावितों की





सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने इन कठिन परिस्थितियों में सरकार और प्रशासन द्वारा संचालित रेस्क्यू अभियान में कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग के लिए स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने केंद्र सरकार का भी आभार जताते हुए कहा कि अतिवृष्टि के बाद से ही केंद्रीय सरकार द्वारा चिनूक व एमआई हेलीकॉप्टर सहित हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई गई।

समीक्षा बैठक के उपरान्त मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री कहा कि अतिवृष्टि से भू-स्खलन होने से 29 स्थानों पर पैदल एव

- श्रीकेदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग शीघ्र शुरू किए जाने के दिए निर्देश
- हेली सेवा से यात्रा पर टिकटों में 25 फीसदी छूट देगी राज्य सरकार

सड़क मार्ग कटा हुआ है। इसके अतिरिक्त पेयजल व विद्युत की लाइनों सहित बड़ी मात्रा में सरकारी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा। कुछ स्थानों पर दूरसंचार की सेवाएं भी बाधित हुई हैं। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि की घटना के बाद से ही जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन तथा एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित अन्य संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों, पंडा समाज, तीर्थ पुरोहित, धार्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े संगठनों ने मिलकर इस आपदा में पूरे मनोयोग से इस रेस्क्यू अभियान में फंसे हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड समय में लगभग 12 हजार श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को रेस्क्यू किया गया है। रेस्क्यू अभियान लगभग पूर्ण हो चुका है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाह, राज्यमंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा आशा नौटियाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. पंकज पांडेय, सचिव आपदा प्रबन्धन विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, आईजी गढ़वाल के.एस. नगन्याल, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड : अगले 5 दिन के लिए IMD ने जारी किया भारी बारिश का अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 07 अगस्त : मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं। जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा आने वाले चार से पांच दिन प्रदेश के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं।उत्तराखंड में बारिश जमकर कहर बरपा रही है, प्रदेश में रुक-रुककर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है और कई जगहों पर आपदा जैसे हालात बने हुए हैं। केदारघाटी में भारी बारिश से उत्पन्न त्रासदी के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। कई लोगों को एयरलिफ्ट किया जा चुका है और यात्रा मार्ग पर फंसे लोगों की खोजबीन की जा रही है। बचाव कार्यों में सेना का भी सहयोग लिया जा रहा है। भारी बारिश के कारण प्रदेश के कई संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो रहे हैं और नदी-नाले उफान पर हैं। उफनती नदियों और नालों ने कई पुलों को बहा दिया है। साथ ही कई घर भूस्खलन की चपेट में आने से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

एक बार फिर भारी बारिश का दौर जारी रहेगा। आगामी कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें



उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, और नैनीताल के अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि पर्वतीय इलाकों में लगातार बारिश से मिट्टी की जलधारण क्षमता सैचुरेशन तक पहुंच गई है, जिससे भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। इसलिए बरसात के मौसम में लोगों को यात्रा से बचने और घर में सुरक्षित रहने की सलाह दी जा रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करने वालों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।देहरादून का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पंतनगर का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 20.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# अग्रवाल ने की पुनर्गठन, वन निगम, ऊर्जा एवं सिंचाई आदि विभागों के अधिकारियों संग बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । प्रदेश के वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में पुनर्गठन, वन निगम, ऊर्जा एवं सिंचाई आदि विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड राज्य को मिलने वाली शेष सम्पत्तियों व हिस्सेदारी सम्बन्धी मामलों के सम्बन्ध में समीक्षा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वित्त मंत्री ने वन निगम से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तराखण्ड वन निगम को जो कुल धनराशि रुपये 563 करोड़ (रुपये 99 करोड़ मूल राशि एवं वर्ष 2017 तक का ब्याज रुपये 464 करोड़) दी जानी है, उस हेतु उत्तर प्रदेश से निरन्तर पत्राचार किया जाय। वहीं उत्तर प्रदेश के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर लेनदारी के मामलों के निपटारे हेतु लगातार प्रयास किये जायें।

शहरी विकास मंत्री ने ऊर्जा विभाग से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जेपी प्रोजेक्ट (जय प्रकाश प्रोजेक्ट) के शेष रुपये 10 करोड़ लिये जाने हेतु उत्तर प्रदेश के सम्बन्धित अधिकारियों से निरन्तर पत्राचार करें तथा त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भूमि से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा के दौरान पुनर्गठन मंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड राज्य के हरिद्वार में स्थित 615 हेक्टेयर भूमि जो उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड को मिल गयी है उसके शासनादेश के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाय। इसके अलावा मंत्री ने कहा कि हरिद्वार में स्थित 697 हेक्टेयर भूमि जिस पर उत्तर प्रदेश का स्वामित्व है और उत्तराखण्ड द्वारा मेले आदि अवसरों पर उत्तर प्रदेश से अनुमति के उपरान्त ही प्रयोग में लायी जाती है उत्तराखण्ड के लिए बेहद उपयोगी है, लिहाजा इस 697 हेक्टेयर भूमि का स्वामित्व पाने के लिए भी निरन्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

वहीं उन्होंने निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड के जनपद उधमसिंह नगर क्षेत्रान्र्गत स्थित 232 हेक्टेयर भूमि के सम्पूर्ण हिस्से को भी उत्तर प्रदेश से प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्होंने उत्तराखण्ड के जनपद चम्पावत में स्थित 208 हेक्टेयर भूमि में से भी अधिक से अधिक हिस्से को उत्तर प्रदेश से प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

# यहाँ किराये पर मिलती हैं बीवी, बहू और गर्लफ्रेंड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






ब्यूरों रिपोर्ट , 7 अगस्त , दुनियाभर में ऐसी कई प्रथाएं हैं जो कुप्रथा तो लगती ही है साथ ही इनके बारे में सुनते ही व्यक्ति सोचने पर मजबूर हो जाता है. ऐसी ही एक प्रथा मध्यप्रदेश के शिवपुरी में आज भी चल रही है. आपको जानकर हैरानी होगी कि यहां महिलाओं के लिए पुरुष बोली लगा सकते हैं, उन्हें तय समय के लिए किराए पर ले सकते हैं और इसके लिए वो बकायदा एग्रीमेंट भी करते हैं. इसके लिए कुंवारी लड़कियों से लेकर शादीशुदा महिलाओं तक किराए पर ली जा सकती हैं. दरअसल ये सब होता है एक प्रथा के नाम पर, जिसका नाम है 'धड़ीचा' प्रथा'.

क्या है 'धड़ीचा' प्रथा'?

मध्यप्रदेश के शिवपुरी में चलने वाली इस प्रथा में दूसरो की बहू-बेटियां किराए पर ली जा सकती हैं. इसके लिए हर साल एक तय समय होता है जब मंडी लगाई जाती है. इस मंडी में औरतों और लड़कियों को खरीदने के लिए दूर-दूर से पुरुष आते हैं. हैरानी वाली बात ये है कि इस मंडी में कुंवारी लड़कियों से लेकर दूसरो की बीबीयां तक किराए पर दी जाती हैं. इस मंडी में पुरुष महिला का चाल-चलन देखकर उसका दाम लगाते हैं. जब किसी पुरुष को कोई लड़की या महिला पसंद आ जाती है तो वो 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक के स्टांप पेपर पर करार कर एक निश्चित समय के लिए महिला को ले जाते हैं. इस एग्रीमेंट पर दोनों पक्षों की शर्ते भी लिखी होती हैं.इस मंडी में महिलाओं की कीमत 15 हजार रुपये से शुरू होती है जो 4 लाख रुपये तक भी हो सकती है. ऐसे में पुरुष महीला की कीमत लगाकर एक साल या उससे कम समय के लिए महिला को अपने घर ले जाते हैं.

दोबारा बनवाया जा सकता है एग्रीमेंट?

यदि किसी पुरुष को महिला पंसद आ गई हो और उसे उसके साथ और समय बिताना हो तो उसे मंडी में जाकर दोबारा एग्रीमेंट बनवाना होता है और फिर रकम अदा करनी होती है, जिसके बाद फिर कुछ समय के लिए वो फिर उसी महिला को किराए पर ले सकता है.पुरुष अपनी अलग-अलग जरुरतों के लिए महिलाओं को किराए पर ले जाते हैं. जैसे किसी को मां की सेवा करवाना होती है, तो वहीं कोई शादी का नाटक करने के लिए किराए पर ले जाता है. इसके अलावा किसी की शादी नहीं हुई है तो कुछ समय किराए पर ली हुई महिला के साथ बिता सकता है.अब बड़ा सवाल ये है कि क्या कोई महिला एग्रीमेंट तोड़ सकती है? तो बता दें कि इस तरह के मामले में पत्नी को एग्रीमेंट तोड़ने का पूरा अधिकार है. यदि वो रिश्ते में खुश नहीं है तो अपने करार को बीच में तोड़ सकती है. ऐसा करने के लिए उसे स्टांप पेपर पर शपथपत्र देना होता है. इसके बाद उसे तय राशि खरीदार को लौटानी होती है. कई बार महिलाएं दूसरे पूरूष से ज्यादा रकम मिलने पर भी ऐसा करती हैं.

# इस फल को आप हवाई जहाज में नहीं ले जा सकते


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 अगस्त : हम सभी को यात्रा करना पसंद है. कभी छुट्टियां मनाने के लिए तो कभी किसी जरूरत के लिए यात्रा करना हमारे जीवन का हिस्सा है. जब आप यात्रा करते हैं, तो आप अपने नियमित जीवन से बाहर निकलते हैं और एक नए वातावरण का एक्सपीरियंस लेते हैं. सामाजिक होने की वजह से ये हमारे लिए बेहद जरूरी भी है। यात्रा करने का एक लोकप्रिय साधन हवाई मार्ग है. हवाई यात्रा सुरक्षा के लिए कुछ अलग तरह के प्रतिबंध हैं. अगर आप उन्हें नहीं जानते तो जानना ज़रूरी है. चूंकि इसे पढ़ने में समय लग जाता है, ऐसे में लोग इसकी जानकारी नहीं रखते हैं. ऐसे में चेकिंग के दौरान उन्हें बहुत सी प्रतिबंधित चीजों को बाहर फेंकना पड़ता है. चलिए जानते हैं इससे जुड़े हुए नियम। हवाई यात्रा के दौरान सामान ले जाने की बात आती है तो एयरलाइन कंपनियां शर्तें जोड़ती हैं. हवाई यात्रा करते समय कुछ नियम हैं जिनका पालन ज़रूरी होता है. ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें आप हवाई जहाज में चढ़ते समय अपने साथ नहीं ले जा सकते. विमान में तेज हथियार, आग्नेयास्त्र, ज्वलनशील सामग्री समेत कई सामान ऐसे होते हैं, जिन्हें नहीं ले जाया जा सकता है. वैसे इसके अलावा एक फल भी है, जिसे प्लेन में ले जाने पर प्रतिबंध है। ये वो फल है, जिसे दक्षिण भारत में जमकर खाया जाता है. हालांकि, इस फल के साथ हवाई जहाज पर क्यों नहीं चढ़ सकते? ये हममें से बहुत से लोगों को नहीं पता होता. इंटरनेट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, नारियल को हवाई जहाज में नहीं ले जाया जा सकता है. इसका एक बड़ा कारण यह है कि नारियल में अच्छी मात्रा में तेल होता है और तेल को ज्वलनशील तेल के रूप में सूचीबद्ध किया गया है. परिणामस्वरूप, नारियल को सुरक्षा कारणों से विमान में ले जाने की अनुमति नहीं दी जाती।



# एलियन मंदिर आपदा से दिलाएगा मुक्ति





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरों रिपोर्ट , 7 अगस्त , एलियन को देखने के कई तरह के दावों के बारे में आपने सुना ही होगा। कई बार दावे इतने हैरत भरे होते हैं कि उनपर यकीन करने पर आप मजबूर हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर लोग कई बार एलियन्स के साथ अपना एक्सपीरियंस शेयर करते दिख जाते हैं। मगर हाल ही में शख्स ने कुछ ऐसा किया कि जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

पारंपरिक मंदिरों में लोकप्रिय देवताओं की मूर्तियों को रखने की परंपरा खत्म हो गई है। इस कड़ी में तमिलनाडु के सलेम में एक शख्स ने एक एलियन गॉड का मंदिर बनवाया है, जिसके बारे में उसका दावा है कि उसके पास भक्तों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने की शक्ति है।

सलेम के मल्लामुपम्बट्टी के लोगनाथन ने लगभग तीन चौथाई एकड़ भूमि पर फैले विदेशी 'देवता' के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करते हुए कहा कि मैंने विदेशी लोगों से बात की है और मंदिर बनवाने की अनुमति ली है। एलियन 'देवता' के अलावा, शिव, पार्वती, मुरुगन, काली जैसे देवी-देवताओं की मूर्तियों को भी जमीन से 11 फीट नीचे एक तहखाने में स्थापित किया गया है।लोगनाथन ने कहा कि दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि के साथ, उनका मानना है कि एलियंस के पास उन्हें रोकने की शक्ति है। उनके विश्वास के अनुसार, एलियंस फिल्मों में दिखाए जाने वाले एलियंस जैसे नहीं हैं।

लोगनाथन ने ये भी दावा किया कि अगर आप अपने शरीर पर केले का पत्ता लपेट लेते हैं, तो आप एलियंस से निकलने वाले रेडिएशन से बच सकते हैं। लोगनाथन द्वारा एलियंस के लिए बनाए जा रहे मंदिर के निर्माण कार्य के चलते, यह अनोखा मंदिर शहर में चर्चा का विषय बन गया है क्योंकि बड़ी संख्या में लोग रोजाना मंदिर में दर्शन करने आते हैं।

# अब गाय पहनेंगी स्मार्टवॉच, बीमारियों का लगेगा तुरंत पता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 07 अगस्त : पिछले कुछ सालों में स्मार्ट टैटू से लेकर बात सुनने वाले कपड़ों तक, दुनिया में कई तरह के अजीबोगरीब गैजेट्स खबरों में आ चुके हैं। इसी कड़ी में नया गैजेट है एक स्मार्टवॉच, जिसे आने वाले समय में गाय पहनेंगी। दरअसल, चीन की साउथवेस्ट जियाओतोंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मवेशियों की सेहत, प्रजनन और लोकेशन ट्रैक करने के लिए इसका आविष्कार किया है। रिसर्च में शामिल वैज्ञानिकों का कहना है कि स्मार्टवॉच को गाय के गले और पैरों में पहनाया जा सकेगा। इससे उनका छोटे से छोटा मूवमेंट ट्रैक करने में आसानी होगी। इस स्मार्टवॉच में लिथियम बैटरी का इस्तेमाल होगा।

इससे गाय के मूवमेंट से जो एनर्जी निकलेगी, वो बैटरी में इकट्ठा होकर डिवाइस को चलाती रहेगी। यानी पारंपरिक वॉच की तरह इसे बार-बार चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्टडी के लेखक जुताओ झांग ने बताया कि स्मार्टवॉच के जरिए गायों की डेली एक्सरसाइज, प्रजनन चक्र, उन्हें होने वाली बीमारियां, दूध का उत्पादन आदि को मॉनिटर किया जाएगा।

इससे गायों की सेहत सुधारने और प्रजनन कराने में मदद मिलेगी। इसके अलावा गायों के आसपास के वातावरण की स्थिति को भी ट्रैक किया जाएगा। इसमें ऑक्सीजन लेवल, तापमान, हवा में नमी और मौसम की स्थिति शामिल हैं। स्मार्टवॉच का डेवलपमेंट अभी अर्ली स्टेज में है। इसे गायों से पहले इंसानों पर टेस्ट किया गया। इसमें पता चला कि डिवाइस एक छोटी से जॉगिंग एक्टिविटी को भी पकड़ लेता है। इसमें तापमान और दूसरे मेजरमेंट्स तुरंत रिकॉर्ड हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि गायों के साथ-साथ यह डिवाइस इंसानों की डेली लाइफ में भी काम आ सकता है। इसमें स्पोर्ट्स मॉनिटरिंग, हेल्थकेयर, स्मार्ट होम, वायरलेस सेंसर नेटवर्क आदि शामिल हैं।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भेंट की। इस दौरान दोनों दिग्गजों ने मौजूदा प्रदेश के हालात , आपदा और चार धाम यात्रा पर मंत्रणा की।



## सीएम धामी ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट कर समसामयिक विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट कर समसामयिक विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया। इस दौरान राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने केदारनाथ पैदल मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के उपरांत प्रसाशन द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने हाल ही में सपन्न हुई कांवड़ यात्रा एवं प्रदेश में मानसून की स्थिति से भी अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल ने केदारनाथ में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों हेतु स्वयं मौके पर पहुंचकर नेतृत्व करने के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की।

# उत्तराखंड में अतिथि शिक्षकों की भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 07 अगस्त : प्रभारी अपर निदेशक-माध्यमिक डॉ. सती ने बताया कि 2018 में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए विभिन्न विषयों के लिए आवेदन लिए गए थे। इन आवेदनों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की गई है जिसे जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

उत्तराखंड के सरकारी माध्यमिक स्कूलों में विज्ञान और अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता पदों के लिए अतिथि शिक्षकों की पहली सूची जारी की गई है। अपर निदेशक-माध्यमिक डॉ. मुकुल कुमार सती ने मेरिट सूची जिलावार जारी की और सभी सीईओ को भर्ती प्रक्रिया के जल्द शुरू होने का निर्देश दिया। देहरादून में सबसे कम 17 अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जाएगी, जबकि अल्मोड़ा में सबसे अधिक 157 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति होगी। डॉ. सती ने बताया कि 2018 में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए विषयवार आवेदन मांगे गए थे।



इन आवेदनों के आधार पर तैयार की गई मेरिट लिस्ट से रसायन, भौतिकी, जीव विज्ञान, गणित, और अंग्रेजी के उम्मीदवारों का चयन किया गया है। पांचों विषय के लिए मेरिट लिस्ट तैयार कर सभी जिलों को भेजी जा चुकी है। सीईओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षिक और आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया शुरू करें। एक हफ्ते के भीतर सभी चयनित अतिथि शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की जाएगी। गणित में 98, भौतिकी में 188, रसायन में 138, जीव विज्ञान में 128 और अंग्रेजी में 199 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा दस्तावेजों की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी ताकि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो।

## संक्षिप्त खबरें

### वैली ऑफ वर्ड्स के संस्थापक एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी संजीव चोपड़ा एवं उनके साथियों ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में वैली ऑफ वर्ड्स के संस्थापक एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी संजीव चोपड़ा एवं उनके साथियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को संजीव चोपड़ा ने आगामी वैली ऑफ वर्ड्स कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया और संस्था के विभिन्न क्रियाकलापों और उपलब्धियों की जानकारी दी। राज्यपाल को संजीव चोपड़ा ने वैली ऑफ वर्ड्स के उद्देश्यों, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों, और विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का आयोजन साहित्य, कला, और संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को एक मंच प्रदान करेगा एवं इस बार का आयोजन विभिन्न सत्रों, कार्यशालाओं, और पैनल चर्चाओं के माध्यम से साहित्य प्रेमियों और विद्वानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने वैली ऑफ वर्ड्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तराखण्ड की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में मदद करेगा और साथ ही ऐसे कार्यक्रम उत्तराखण्ड की युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। इस दौरान राज्यपाल को संजीव चोपड़ा ने आयोजन के मुख्य आकर्षण, वक्ताओं, और साहित्यिक प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानकारी दी। राज्यपाल ने वैली ऑफ वर्ड्स की टीम को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सफलता की कामना की।

### उत्तराखंड को विशिष्ट आवंटन के रूप में 100 मेगावाट बिजली के आवंटन को 30सितंबर तक बढ़ाने का निर्णय

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष अनुरोध पर केंद्र सरकार ने पश्चिमी क्षेत्र के अनावंटित पूल से उत्तराखंड को विशिष्ट आवंटन के रूप में 100 मेगावाट बिजली के आवंटन को 30.09.2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में विद्युत मंत्रालय द्वारा उत्तराखंड राज्य को पश्चिमी क्षेत्र के यूए पूल से 100 मेगावाट बिजली को विशिष्ट आवंटन के रूप में 31 जुलाई 2024 तक आवंटित किया गया था।

### अक्टूबर में आयोजित होगा अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल

अल्मोड़ा। ग्रीन हिल्स ट्रस्ट के तत्वावधान में साहित्य और कला से समृद्ध द्वितीय अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल 2024 आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन 17 से 19 अक्टूबर 2024 को अल्मोड़ा के ऐतिहासिक मल्ला महल में होगा। इस सम्बन्ध में एक पत्रकार वार्ता में ग्रीन हिल्स की सचिव डॉ वसुधा पंत ने बताया कि तीन दिन तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में साहित्य, संगीत, कला और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होंगे। इस आयोजन में पूरे भारत से अनेक संगीतज्ञ, दिग्गज वक्ता, कलाकार, लेखक और कवि प्रतिभाग करेंगे। बताया कि अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विचारों के आदान-प्रदान का रहेगा जो साथ ही साथ अल्मोड़ा की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को भी विश्व के साथ साझा करेगा। इस आयोजन के माध्यम से साहित्यकारों और कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाएगा जो नये परिप्रेक्ष्य में नए विचारों का आदान प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया यह आयोजन ग्रीन हिल्स ट्रस्ट द्वारा आयोजित है जिसके सह प्रायोजक अल्मोड़ा ज़िला प्रशासन व उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, अनकॉमनसेंस फिल्म, मोक्षम रिसॉर्ट एंड कैंपसाईट, कुमाउंखंड, स्टूडियो बारडो और अल्मोड़ा किताब घर रहेंगे। इस आयोजन में अनेक प्रकार की कार्यक्रम रहेंगे जो हर उम्र के व्यक्तियों की रुचि के हिसाब से होंगे। इनमें किताबों का विमोचन, काव्य पाठ, परिचर्चा, थियेटर, संगीत, कला और फोटोग्राफी प्रदर्शनी आदि भी शामिल रहेंगे। स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां और प्रतिस्पर्धाएँ और नन्हे मुन्नों के लिए ख़ास कथा कथन सत्र भी आयोजित होंगे। साथ ही साथ पॉप अप मार्केट में स्थानीय उद्यमों के उत्पादों व विभिन्न खानपान के स्टाल्स का लुत्फ़ भी उठा पायेंगे। यहाँ वार्ता में प्रोफेसर हामिद, मनमोहन चौधरी, डॉ दीपा गुप्ता, जयमित्र बिष्ट, विनय पंत आदि मौजूद रहे।

### कर्णप्रयाग में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोपे पौधे

चमोली। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत कर्णप्रयाग में पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नौटी रोड पर सड़क के किनारे पौधे रोपे। मौके पर नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, नगर महामंत्री चेतन मनोड़ी, वीराम टम्टा, दमयंती रतूड़ी, मनोरमा नैनवाल, शशि खंडूड़ी, सरोज हटवाल, रहीम सिद्धिकी, अनिल कंडवाल, अरविंद गुसाईं, बीरेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : मास्टर प्लान से संवरेगा हनोल महासू धाम, यहां राष्ट्रपति भवन से आता है नमक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 07 अगस्त : प्रसिद्ध श्री महासू देवता मंदिर हनोल के मास्टर प्लान को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल गई है। इस प्लान के तहत 26 परिवारों को विस्थापित किया जाना है। हिमाचल प्रदेश के शिमला, सिरमौर और उत्तराखंड के जौनसार घाटी में निवास करने वाले लाखों लोग महासू देवता को न्याय के देवता के रूप में मानते हैं। उत्तराखंड सरकार महासू देवता के मंदिर क्षेत्र से विस्थापित होने वाले 20 परिवारों के साथ-साथ 6 ग्रामीण परिवारों की निजी भूमि का अधिग्रहण करने का निर्णय लिया है। जिन परिवारों के पास जमीन होगी उन्हें आवास निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि बिना जमीन वाले परिवारों के लिए सरकारी भूमि की व्यवस्था की जाएगी। अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए शासन से आदेश का इंतजार किया जा रहा है।

मास्टर प्लान के कार्यान्वयन से श्री महासू देवता मंदिर हनोल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिलेगी। बद्रीनाथ धाम की तरह इस मास्टर प्लान से हनोल मंदिर में तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे क्षेत्र में तीर्थाटन और पर्यटन का विकास होगा। यह स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसरों का निर्माण करेगा और हनोल मंदिर क्षेत्र की पूरी छवि बदल जाएगी। स्थानीय लोग लंबे समय से इस मास्टर प्लान का इंतजार कर रहे थे, जिसे हाल ही में सरकार ने मंजूरी दे दी है। अब महासू देवता मंदिर हनोल में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग बढ़ रही है और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने शासन से इस मास्टर प्लान की स्वीकृति पर सरकार का धन्यवाद किया है।



इतिहास गवाह है कि उत्तराखंड में सभ्यता और संस्कृति सदियों से चली आ रही है। देहरादून से 190 किलोमीटर दूर स्थित स्थित है महासू मंदिर। ये मंदिर यूं तो अपनी मान्यताओं के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। लेकिन इसके बारे में एक खास बात ये है कि यहां हर साल राष्ट्रपति भवन से नमक आता है। ये मंदिर चकराता के पास हनोल गांव में है। ये मंदिर टोंस नदी के पूर्वी तट पर विराजमान है। लोग हनोल के महासू देवता मंदिर में दर्शनों के लिए आते हैं। सालभर यहां आस्था का सैलाब उमड़ता

है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां अगर आप सच्चे दिल से कुछ मांगो तो आपको मिल जाता है। दरअसल इस मंदिर को न्यायाधीश कहा जाता है। कहा जाता है कि यहां मनुष्य के हर कर्म का हिसाब होता है। ये मंदिर मिश्रित शैली की स्थापत्य कला को संजोए हुए है। उत्तराखंड की लोक परंपरा के मद्देनजर ये मंदिर काफी अहम है। इस मंदिर के गर्भगृह में जाने पर लोगों की पाबंदी है। सिर्फ मंदिर का पुजारी ही मंदिर में प्रवेश कर सकता है।

# राजभवन में हुआ 'हरियाली तीज' के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। मंगलवार को राजभवन में भारतीय संस्कृति की प्राचीन त्योहारों में से एक ''हरियाली तीज'' के पावन अवसर पर राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों व अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पत्नियों ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर पारंपरिक तीज उत्सव की महत्ता और भारतीय संस्कृति में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। नृत्य और संगीत के माध्यम से कलाकारों ने तीज के त्योहार का जीवंत चित्रण किया। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर ने कहा कि तीज महोत्सव महिलाओं के सौंदर्य, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। यह हमें भारतीय संस्कृति की गहराई और विविधता की याद दिलाता है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को तीज की शुभकामनाएं दीं और इस पर्व के माध्यम से सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की



कामना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रथम महिला गुरमीत कौर ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तीज प्रतियोगिता में संतोषी तीज क्वीन बनी। दूसरे स्थान पर सोनिया एवं तीसरे स्थान पर मीनाक्षी पंवार रहीं। इस अवसर पर विजेता महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में आई.जी. विम्मी सचदेवा रमन, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ0 तृप्ति श्रीवास्तव सहित राजभवन परिवार की महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

# उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग में कुल 17 प्रकरणों पर सुनवाई, 9 शिकायती प्रकरणों का निस्तारण

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। आज उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग में कुल 17 प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए 9 शिकायती प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सुनवाई बैठक मा0 उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री), उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग मज़हर नईम नवाब, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सुनवाई में मा0 सदस्य परमिंदर सिंह, सचिव, अल्पसंख्यक आयोग जे.एस.रावत, वैयक्तिक सहायक, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, श्रीमती शमा प्रवीन उपस्थित रहे।

सुनवाई में मौ0 साजिद, पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी हरिद्वार के शिकायती प्रकरण में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत ग्राम छापुर शेरअफगनपुर में बिना राजकीय इण्टर कॉलेज की स्वीकृति के इण्टर कालेज हेतु रू0 4.00 करोड़ की धनराशि से निर्मित भवन का प्रयोग वर्तमान में अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब छात्र/छात्राओं के हित में प्रयोग न कर अन्य विभाग के द्वारा उपयोग में लाये जाने पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की धनराशि का दुरूप्रयोग होने के सम्बन्ध में निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि वह उक्त निर्मित भवन के निर्माण हेतु प्रस्तावित प्रस्ताव की प्रति मा0 आयोग को उपलब्ध कराते हुए निर्मित भवन में वर्तमान में संचालित विभाग से किराये की धनराशि वसूलने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी, हरिद्वार व जिला समाज कल्याण अधिकारी, हरिद्वार के आज भी मा0 आयोग के समक्ष स्वयं उपस्थित न होने पर अनभिज्ञ अधिकारी को प्रतिनिधित्व हेतु भेजे जाने पर अत्यन्त खेद व्यक्त कर दोनों अधिकारियों को प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 आयोग द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों की अनुपालन आख्या/स्पष्टीकरण सहित मा0 आयोग समक्ष अनिवार्य रूप से दिनांक 12.08.2024, को 11:00 बजे जनपद ऊधमसिंहनगर के रूद्रपुर स्थित विकासभवन सभागार में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। अन्यथा की स्थिति में अधिकारियों के वेतन रोके जाने संबंधी कार्यवाही अमल में लाये जाने के निर्देश भी दिये गये। इकबाल लारी, महुआखेड़ागंज, ऊधमसिंहनगर के शिकायती प्रकरण में पंजीकृत मुकदमें की अद्यतन स्थिति सहित विवेचक के मा0 आयोग के समक्ष उपस्थित न होने के सम्बन्ध में संबंधित को स्पष्टीकरण/प्रकरण के पंजीकृत मुकदमें की अद्यतन स्थिति सहित मा0 आयोग समक्ष अनिवार्य रूप से दिनांक 12.08.2024, को 11:00 बजे जनपद ऊधमसिंहनगर के रूद्रपुर स्थित विकासभसवन सभागार में उपस्थित होने के निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ऊधमसिंहनगर को दिये गये। श्रीमती तहजीब जहां के शिकायती प्रकरण में जनपद हरिद्वार की संबंधित पुलिस द्वारा पोक्सों के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत होने के उपरान्त भी पुलिस द्वारा विपक्षी के विरूद्ध की गयी कार्यवाही सन्तोषजनक न होने के कारण प्रकरण में सी0बी0सी0आई0डी0 से जांच कराये जाने के निर्देश पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड को दिये गये। शिकायतकर्ता मैराज अहमद के शिकायती प्रकरण में शिकायतकर्ता की पूर्व तहरीर दिनांक 16.10.2023 में एनसीआर में सम्मिलित कर एफ.आई.आर. दर्ज किये जाने के निर्देष वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून को दिये गये।

## संक्षिप्त खबरें

### कैंटर में केबिन बनाकर की जा रही थी लीसे की तस्करी, 02 गिरफ्तार

अल्मोड़ा। जनपद की थाना लमगड़ा पुलिस टीम को अवैध लीसा बरामदगी में बड़ी सफलता हाथ लगी है। लमगड़ा पुलिस ने 175 टिन अवैध लीसे की खेप पकड़ी है। मंगलवार सुबह लमगड़ा पुलिस टीम द्वारा थाना गेट के पास चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। चेकिंग के दौरान वाहन संख्या यूके14 सीए 1096 कैंटर को चेक किया तो कैंटर का डाला प्रथमदृष्टया खाली पाया गया, परंतु डाले की कुल लंबाई व अंदर से खाली जगह की लंबाई में अंतर होने पर कैंटर के डाले को सघनता से चेक किया तो कैंटर के डाले में एक बंद चैंबर बना पाया गया। कैंटर के डाले के अंदर बने चेंबर में 175 टिन व दो ड्रम लीसा बरामद हुआ। अवैध रूप से लीसा ले जाने पर कैंटर चालक व परिचालक को भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध थाना लमगड़ा में भारतीय वन अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत किया गया। पूछताछ में अभियुक्त कमल सिंह मेहता (32) निवासी दल्लेख नेपाल हाल निवासी डहरिया मुखानी हल्द्वानी तथा दीवान राम (47) पुत्र जोगा राम निवासी चिगेठी भनौली अल्मोड़ा ने बताया कि यह लीसा काफलीखान दन्या के बसंत पाण्डे का है, जिसे उसके द्वारा काफलीखान से भरवाया गया और हमें हल्द्वानी पहुंचाने को कहा। यहाँ गिरफ़्तारी में लमगड़ा पुलिस टीम से थानाध्यक्ष लमगड़ा राहुल राठी, हेड कांस्टेबल नरेंद्र यादव, देवराज सिंह, यशवंत सिंह, कांस्टेबल केशव सिंह शामिल रहे।

### अनुबंध पत्र पर संविदा कर्मचारियों व शिक्षकों ने जताई नाराजगी

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में कार्यरत संविदा कर्मचारी संविदा व शिक्षकों ने विश्वविद्यालय द्वारा अनुबंध पत्र भरवाने के विरोध में कुलपति से मिलने पहुंचे। कर्मचारियों, शिक्षकों ने अनुबंध भराए जाने और उसमें लिखी गई शर्तों पर नाराजगी जताई। कहा कि अनुबंध में कई ऐसी शर्तें हैं जो कार्मिकों के हित में नहीं हैं। सम्मानजनक कार्य नहीं होने पर उन्हें निकालने जैसी शर्तें लिखी गई हैं। कहा कि कार्मिक यहां लंबे समय से कार्य कर रहे हैं। आज तक उन्हें इस तरह का अनुबंध नहीं भरवाया गया। साथ ही अन्य विश्वविद्यालयों में भी इस तरह की व्यवस्था नहीं है। तो फिर एसएसजे के ही कार्मिकों से यह अनुबंध क्यों भरवाया जा रहा है। कहा कि जबरन अनुबंध भरवाना प्रशासन के तानाशाहीपूर्ण रवैये को दर्शाता है। शिक्षकों और कर्मचारियों ने अनुबंध नहीं भरवाने और पहले की तरह व्यवस्था करने की मांग की। जबरन अनुबंध भरवाए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। वहीं इधर इस मामले में कुलसचिव देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि नियम अनुसार शासन द्वारा संविदा कर्मचारियों व शिक्षकों को लाभ देने के लिए सारे कर्मचारियों से अनुबंध पत्र भरने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय-समय पर शासन के नियमों के अनुसार मिलने वाले लाभों के लिए के लिए ही अनुबंध पत्र भरवाया जा रहा है ताकि कर्मचारियों को शासन के नियमों अनुसार लाभ मिल सके।

### आपदा आकलन समिति ने जागेश्वर विधानसभा का किया दौरा

अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा दैवीय आपदा के कारण हुए नुकसान के आकलन हेतु आपदा प्रभावित जनपदों में आंकलन के लिए समिति का गठन किया गया था। जनपद के जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में हुए नुकसान के आकलन के लिए मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बनाई गई समिति प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, मीना गंगोला प्रदेश मंत्री, पुष्कर सिंह काला प्रकोष्ठ प्रभारी के नेतृत्व में जागेश्वर पहुंची। समिति के सभी सदस्यों द्वारा दैवीय आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया गया। समिति ने डिंगरी गूंठ, कोटेश्वर, शौकियाथल, लचनाखाली, आरतोला, अगेटी आदि गांवों का भ्रमण करआपदा पीड़ितों से बातचीत की और हुए नुकसान का जायजा लिया। समिति ने स्थानीय लोगों को शीघ्र निदान और रिपोर्ट को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। समिति के साथ क्षेत्रीय लोगों में जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, मंडल अध्यक्ष हरीश प्रसाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष पांडे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुंदन लटवाल, जिला पंचायत सदस्य निक्कू नेगी, जिला मंत्री गोपाल बिष्ट, रूप सिंह बिष्ट, योगेश भट्ट, जीवन सिंह, गोपाल सिंह आदि सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विकास प्राधिकरण हटाने की मांग को धरना रहा जारी

अल्मोड़ा। जिलास्तरीय विकास प्राधिकरण हटाने की मांग को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन किया। समिति ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। वक्ताओं ने जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के समाप्त नहीं होने तक धरने पर डटे रहने की चेतावनी दी। गौरतलब हो कि विकास प्राधिकरण हटाने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति विगत करीब सात वर्ष से धरना दे रही है। मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति के सदस्य चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क पहुंचे।

# उत्तराखंड : यहां विश्वमोहिनी रूप में दर्शन देते हैं भगवान विष्णु

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल 07 अगस्त : पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने इस स्थल पर 11 हजार वर्षों तक भगवान विष्णु के मोहिनी अवतार के दर्शन के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें विश्वमोहिनी अवतार में दर्शन दिए।देवों के देव महादेव पहले योगी माने जाते हैं, अरण्य संस्कृति के काल से ही भगवान शिव की पूजा होती आ रही है।

सनातन शास्त्रों में उल्लेखित है कि भगवान शिव ब्रह्मांड को संजीवनी शक्ति प्रदान करते हैं। वे न आदि हैं और न अंत इसलिए उन्हें अनादि कहा जाता है। उत्तराखंड में भगवान शिव के कई पौराणिक मंदिर स्थित हैं, लेकिन श्रीनगर गढ़वाल में एक विशेष मंदिर है जहां भोलेनाथ ने 11 हजार वर्षों तक कठोर तप किया। इसके बाद भगवान विष्णु ने उन्हें विश्वमोहिनी अवतार में दर्शन दिए। कहा जाता है कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व जगतगुरु शंकराचार्य और देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने यहाँ मंदिर का निर्माण किया, जिसे शंकर मठ नाम से जाना जाता है। यह मंदिर अपनी प्राचीनता के साथ-साथ, शालिग्राम पत्थर से बनी भगवान







विष्णु की मोहिनी अवतार की मूर्ति के लिए भी प्रसिद्ध है, जो यहां की दुर्लभ और विशेष विशेषताओं को दर्शाती है।

श्रीनगर में भगवान विष्णु एकमात्र विश्वमोहिनी अवतार में दर्शन देते हैं। माना जाता है जब शंकराचार्य ने चार धाम बारह ज्योतिर्लिंग और एक रात में 360 मठों की स्थापना की उसी कालखंड में लगभग एक हजार वर्ष पूर्व शंकर मठ का निर्माण भी हुआ। इस मंदिर में शालिग्राम पत्थर से निर्मित तीन प्रमुख मूर्तियां स्थापित हैं, पहली राधा बल्लभ की, दूसरी विश्व मोहिनी अवतार की और तीसरी मां राजराजेश्वरी की मूर्ति। मान्यता है कि बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर शंकर मठ में पूजा-अर्चना के बाद कमलेश्वर महादेव मंदिर में 365 बत्तियां चढ़ाई जाती हैं। हर सावन के सोमवार, शिवरात्रि और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर की गई पूजा से भगवान शिव और भगवान विष्णु भक्तों की सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं।


सावन के प्रत्येक सोमवार को शंकर मठ में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जाती है। आप भी दर्शन करने यहाँ जरूर जाएं। कमलेश्वर मंदिर में होने वाली पूजा निसंतान दंपतियों की सूनी गोद भरने के लिए प्रसिद्ध है। उत्तराखंड के कई मंदिर ऐसे हैं जहां संतान प्राप्ति के लिए "खड़े दीये" की पूजा की जाती है। इस पूजा को स्थानीय भाषा में "खड़रात्रि" कहा जाता है।

इस दौरान संतान की इच्छुक महिलाएं अपने पति के साथ इस मंदिर में रातभर जलते दीये को हाथों में लेकर खड़ी रहती हैं। भगवान शिव की आराधना की जाती है। कहा जाता है कि यहां दिल से और मन से पूजा की जाए तो हर इच्छा पूरी होती है। मान्यता है कि इस पूजा के बाद भगवान शिव के आशीर्वाद से कई दंपतियों को संतान की प्राप्ति हुई है। वैकुण्ठ चतुर्दशी के दिन खड़रात्रि पूजा करने की चाहत रखने वाले दंपतियों का यहां रजिस्ट्रेशन होता है। वैकुण्ठ चतुर्दशी के दिन गोधूलि बेला पर पुजारी दीपक प्रज्वलित कर अनुष्ठान की शुरुआत करते हैं। मंदिर के ब्राहमणों द्वारा हर निसंतान दंपति से संकल्प लिया जाता है और पूजा कराई जाती है।

# खर्राटे लेना हो सकता है इस गंभीर बीमारी का लक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 अगस्त : सोते समय खर्राटे लेना आम बात है और ज्यादातर लोग इसे हल्के में लेते हैं। हम सब के घर में कोई न कोई ऐसा जरूर है जो खर्राटे लेता है। इस समस्या को हल्के में नहीं लेना चाहिए। कई लोग समझते हैं कि खर्राटे गहरी नींद में आते हैं। लेकिन, खर्राटे आना शरीर में किसी ना किसी बीमारी का सिग्नल है।इसके पीछे बहुत से कारण हो सकते हैं। इसकी सबसे पहली वजह है मोटापा, नाक और गले की मसल्स का कमजोर हो जाना, स्मोकिंग, रेस्पिरेटरी समस्या, लंग्स में प्रॉपर ऑक्सीजन ना पहुंचना और साइनस की समस्या के कारण हो सकता है।



खर्राटे की वजह से 'स्लीप एपनिया' जैसी बीमारी तो हो ही सकती है। आपको बता दें कि देश का हर चौथा शख्स खर्राटे लेता है। स्वामी रामदेव के अनुसार, खर्राटा आना बुरी नींद का कारण होता हैं। इसके कारण हार्ट अटैक, शरीर में ऑक्सीजन की कमी , डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल बढ़ना, ब्रेन स्ट्रोक जैसी बीमारियों का कारण बन सकता हैं। खर्राटा आने के मुख्य 3 कारण हैं। जो कफ के कारण, बढ़े हुए वजन के कारण और गले की ग्रंथि ट्यूनिंग न होने के कारण इस समस्या का सामना करना पड़ता है। जानिए कौन से योगासन और आयुर्वेदिक उपायों के जरिए आप इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। खर्राटे की वजह सर्दी और बंद नाक खर्राटे की वजह बढ़ती उम्र है खर्राटे की वजहस्मोकिंग है खर्राटे की वजह मोटापा है खर्राटे की वजह एल्कोहल के ज्यादा इस्तेमाल भी खर्राटे की वजह जीभ और गले की मांसपेशियों की कमजोरी साइनस के मरीजों में खर्राटे की दिक्कत।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले योग साधकों का सम्मान

ऋषिकेश। तुलसी मानस मंदिर में रामायण प्रचार समिति के वार्षिकोत्सव के पांचवें दिन मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले योग साधकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अंतरराष्ट्रीय संत योगी आशुतोष ने कहा कि रामायण ने मनुष्य को बहुत कुछ सीख दी है। रामायण हमें सदमार्ग पर चलना सिखाती है। इस तरह के आयोजन जहां समाज को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं, वहीं युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं। इसके बाद योगी आशुतोष महाराज, संस्कार योगशाला के डॉ. आचार्य नवीन जोशी, तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने विभिन्न क्षेत्र के योगसाधकों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में संस्कृति शिक्षा के क्षेत्र में सरोज शर्मा, योग अध्यात्म शिक्षा के क्षेत्र में उषा रयाल, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में राम गोपाल पलिया, नुक्कड नाटक के जरिए नशा मुक्ति जनजागरूकता के लिए अजीत चमोली, मोहित नौटियाल, अंशुल पांडे, वंश भट्ट, अभिषेक कुलियाल, मानस डबराल, शिवम दिक्षित, ज्योतिष कर्मकांड के लिए अभियांशु रयाल, आचार्य सतीश घड़ियाल, रामचंद्र को सम्मानित किया गया। मौके पर कथा वाचक आचार्य दीपक बधानी महाराज, गजेंद्र कंडियाल, राजेश कुमार थपलियाल, आसाराम व्यास, विशाल मणि पैन्यूली, गुरु प्रसाद बिजल्वाण, शिव प्रसाद कुकरेती, अशोक कुमार अरोड़ा, राजीव शर्मा, रमाकांत भारद्वाज, कैलाश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

ऋषिकेश। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ ने एक पेड़ मां के नाम के तहत मंगलवार को पौधरोपण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मंगलवार को श्रीभरत मंदिर इंटर कॉलेज में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के सभी प्रकोष्ठ के संयोजक ऋषि कंडवाल ने कहा कि पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करना चाहिए। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. प्रदीप त्यागी ने कहा कि सभी को यादगार वाले दिनो जैसे विवाह, जन्मदिन आदि में पौधरोपण अवश्य करना चाहिए।

## नृत्य प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान

ऋषिकेश। विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास-विकास में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में एसटी जोशन मानव कल्याण संस्था की सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने कहा कि बीते रोज एसटी जोशन मानव कल्याण संस्था द्वारा सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया था। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं और उनका मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान सम्मान समारोह में अध्यापिका आरती बडोनी, छात्रा नीतिका, तनीषा, सृष्टि सुहानी, शालिनी आस्तिका, गुनगुन अदम्या, संजना, मनीषा, खुशी, दिव्या, छात्र वेदवंश को सम्मानित किया गया। मौके पर गोपाल भटनागर, उप प्रधानाचार्य नागेंद्र पोखरियाल, नरेंद्र खुराना, रजनी गर्ग, शैली भटनागर, राजेश बडोला, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रीप परियोजना के जरिए महिला ने शुरू किया व्यवसाय

अल्मोड़ा। विकासखंड धौलादेवी में आजीविका संवर्धन गतिविधियों को गति देने के लिए ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना अल्मोड़ा के तहत एक सराहनीय पहल की गई है। जिलाधिकारी विनीत तोमर एवं मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोन्डे के निर्देशन में यह परियोजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। परियोजना के तहत उगता सूरज स्वायत्त सहकारिता टकोली की सक्रिय सदस्य मंजू देवी ने दन्या बाजार में अपना कॉस्मेटिक व्यवसाय शुरू किया है। मंजू देवी को इंडिविजुअल इंटरप्राइजेज के तहत 1.50 लाख रुपये का बैंक लोन, 75 हजार रुपये का परियोजना सहयोग और 75 हजार रुपये का लाभार्थी अंशदान प्राप्त हुआ है। इस आर्थिक सहयोग के माध्यम से उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया है और वर्तमान में उन्हें लगभग 10 से 15 हजार रुपये की मासिक आय हो रही है। मंजू देवी ने बताया कि इस व्यवसाय से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका मिला है। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोन्डे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने मंजू देवी को शुभकामनाएं दी और उन्हें अपने व्यवसाय को और अधिक सफल बनाने के लिए प्रेरित किया।

### वाहन चालकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

अल्मोड़ा। राजकीय वाहन चालक महासंघ जनपद शाखा अल्मोड़ा की विकास भवन के वाहन चालक संघ के कार्यालय में एक सभा आयोजित हुई। सभा में वाहन चालकों की समस्याओं एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही राजकीय वाहन चालक महासंघ के वरिष्ठ चालकों गोपाल सिंह के कृषि विभाग से एवं नन्दाबल्लभ जोशी के जिलाधिकारी कार्यालय अल्मोड़ा से उनके सेवानिवृत्त होने पर राजकीय वाहन चालक महासंघ के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता महासंघ के जिलाध्यक्ष मोहन आर्या एवं संचालन पीसी जोशी द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूरन सिंह मलवाल प्रान्तीय संयुक्त मंत्री रहे। विदाई समारोह में उमेश सिंह, तारा दत्त पाण्डे, अशोक तिवाड़ी, सैयद कासिम, मनोज ऐरी, जगत बिष्ट, रमेश चन्द्र, महेश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### एआरटीओ कार्यालय पर जड़े ताले

बागेश्वर। कर्मचारी संगठन परिवहन विभाग ने निलंबित कार्मिकों की बहाली की मांग तेज कर दी है। विरोध में धरना दिया और कार्यालय में तालाबंदी कर दी। नौ अगस्त तक पूर्व कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। कार्यालय में ताला लगने से यहां आए लोगों को खासी परेशानी का सामाना करना पड़ा। वाहन रजिस्ट्रेशन से लेकर अन्य कार्य प्रभावित हो गए हैं। एआरटीओ कार्यालय बिलौना में मंगलवार को कर्मचारियों ने नारेबाजी के साथ धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि इसी साल 24 जून को रुद्रप्रयाग जिले में वाहन दुर्घटना हुई। जिसमें कार्मिकों को निलंबित किया गया है। उनकी बहाली का आश्वासन भी उच्चाधिकारियों ने दिया था, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। नाराज कमचारी चार दिन तक पूर्ण कार्य बहिष्कार पर चले गए। उन्होंने कार्यालय गेट पर ताला लगा दिया है। इस दौरान परिवहन कर अधिकारी हरीश रावल, चारू चंद्र, चंद्रपाल, अनिल कुमार कार्की, पवन परिहार, शंकर ढेक, अंकित सिंह, चंदन मेहरा, राजीव शर्मा आदि उपस्थित थे।

### गढ़वाल विवि ने जारी की पीजी प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजिका

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि ने सत्र 2024-25 के लिए हुई स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की उत्तर कुंजिका जारी की है। गढ़वाल विवि के प्रवेश परीक्षा कार्डिनेटर प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि गढ़वाल विवि में सत्र 2024-25 के लिए 8 जुलाई से 13 जुलाई तक पीजी प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। बताया कि प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजिका गढ़वाल विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित किसी भी अभ्यर्थी को अपने-अपने विषयों के प्रश्न से सम्बंधित किसी भी प्रकार की दिक्कत है तो वह 7 से 8 अगस्त तक शाम 5 बजे तक प्रवेश परीक्षा के सेल के ई-मेल coordinatoreecell@gmail.com पर अपनी आपत्ति दर्ज सहित उससे सम्बंधित आवश्यक साक्ष्य भी संलग्न कर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# अपने बच्चों को ऐसे बनाइये स्मार्ट और इंटेलिजेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 07 अगस्त : सभी पेरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा स्मार्ट बने। इसके लिए पेरेंट्स बहुत-सी कोशिशें करते हैं। कोई अपने बच्चों का ट्यूशन जल्दी लगवा देता है, तो किसी को कम उम्र में ही स्किल्स के लिए कोचिंग सेंटर भेजने की तैयारी शुरू हो जाती है। पेरेंट चाहते हैं कि पढ़ाई के अलावा भी उनका बच्चा हर एक्टिविटी में तेज हो। आप भी अगर ऐसा ही चाहते हैं, तो आपको कुछ बातें जरूर फॉलो करनी चाहिए, जिससे कि बच्चे स्मार्ट बन सकें।

बच्चों को स्मार्ट बनाने के लिए उन्हें जरूर सिखाएं ये चीजें

पेरेंट चाहते हैं कि पढ़ाई के अलावा भी उनका बच्चा हर एक्टिविटी में तेज हो। आप भी अगर ऐसा ही चाहते हैं, तो आपको कुछ बातें जरूर फॉलो करनी चाहिए। इससे बच्चों की नॉलेज भी बढ़ती है। आइए, जानते हैं वे खास चीजे

हिंदी और इंग्लिश के अलावा भी बच्चों को कोई और फॉरेन लैंग्वेज सिखाएं। इससे बच्चे के पास एडिशनल स्किल भी आ जाएगी और आगे बच्चे के कॅरियर में एक स्कोप भी जुड़ जाएगा।

म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाना सिखाएं

म्यूजिक सीखना समय की बर्बादी नहीं है। यह न सिर्फ एडिशनल स्किल है बल्कि इससे दिमाग शांत भी रहता है। साथ ही चीजों को देखने और महसूस करने की क्षमता भी बढ़ती है।

जल्दी उठने की आदत

जल्दी उठने की आदत बचपन से सिखानी बहुत जरूरी है। इससे बच्चों का दिमाग एक्टिव रहता है। सुबह जल्दी उठने वाले लोग ज्यादा हेल्दी रहते हैं। ऐसे मेंबच्चों को जल्दी उठने की आदत सिखाएं।

मेडिटेशन

मेडिटेशन करने से बच्चे का दिमाग शांत रहता है और उसकी मेंटल हेल्थ भी बेहतर बनती है। बच्चों को मेडिटेशन के फायदे भी बताएं। इससे बच्चा अच्छी तरह फोकस भी कर पाएगा।




# डीएम खुराना ने ली राजस्व स्टॉफ की मासिक समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व व रेगुलर पुलिस, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग, दैवीय आपदा, राजस्व वसूली, विवादित वाद आदि के तहत अद्यावधि तक की गई कार्रवाई एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर आयोजित कोर्ट, दायर और निस्तारित वाद की जानकारी लेते हुए तहसील स्तर पर नियमित कोर्ट लगाने और 06 माह से अधिक लंबित वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व पुलिस से नियमित पुलिस को हस्तांतरित होने वाले आपराधिक मामलों को तत्काल हस्तांतरित करें। आयोग से संबंधित शिकायती पत्रों का समय पर निस्तारण किया जाए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश में फौजदारी अपील, विशेष सत्र परीक्षण, पॉक्सो सहित राजस्व के लंबित पुराने वादों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें। खतौनी पुनरीक्षण की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को तहसील स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा करते हुए पुनरीक्षण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विविध देयकों की प्राथमिकता पर वसूली करते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जाए। वाहनों की ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, नशा करके वाहन का संचालन आदि अभियोग में पुलिस व राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग करके चालान में प्रगति लाना के निर्देश दिए। तहसीलों में निर्मित आवासों का कार्मिकों आवंटन किया जाए। कार्मिकों की पेंशन, एसीपी संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्धारित अवधि में निर्गत करना सुनिश्चित करें। अपणु स्कूल अपणो प्रमाण पत्र के अंतर्गत स्कूली बच्चों के सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। आपदा प्रभावितों को जिन स्थानों पर विस्थापित किया गया है वहां पर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया जाए। बैठक में राजस्व पुलिस में लम्बित वाद, वाणिज्य कर, स्टांप तथा निबंधन, खनन, आबकारी, ऑडिट आपत्ति, पेंशन प्रकरण, शिकायत प्रकोष्ठ, सीएम हेल्पलाइन आदि प्रकरणों समीक्षा भी की गई।

इस दौरान बताया गया कि इस वर्ष राजस्व क्षेत्रों में 18 आपराधिक मामले दर्ज हुए है, जिसमें से 11 नियमित पुलिस को हस्तांतरित किए गए है। नागरिक पुलिस क्षेत्रान्तर्गत हत्या, डकैती, बलात्कार आदि मामलों में 102 अपराध दर्ज हुए है। फौजदार के 53 मामलों में से एक निस्तारित और 52 मामले बहस में है। तहसील स्तर पर 366 राजस्व वादों में से 252 का निस्तारण कर लिया गया है। मुख्य देयकों की 92 प्रतिशत वसूली तथा विविध देयकों में अभी तक 18 प्रतिशत वसूली की गई है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम एसके पांडेय, एसडीएम आरके पांडेय, एसडीएम कमलेश मेहता, एसडीएम सीएस वशिष्ठ, एसडीएम अबरार अहमद, सीओ पुलिस अमित कुमार सैनी सहित सभी तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित खनन, परिवहन, आबकारी आदि राजस्व विभागों के अधिकारी और राजस्व पटलों के पटल सहायक उपस्थित थे।

## एआरटीओ कर्मचारियों के कार्यबहिष्कार ने बढ़ाई लोगों की मुश्किल

ऋषिकेश। संभागीय परिवहन विभाग के कर्मचारियों के निलंबन के विरोध में मंगलवार को पूर्ण कार्य बहिष्कार रहा। एआरटीओ कार्यालय में कामकाज नहीं होने से लाइसेंस और वाहनों के रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कार्यों को पहुंचे लोगों को मायूसी हाथ लगी। उन्हें कर्मचारियों के कार्यबहिष्कार के चलते बैरंग लौटने को मजबूर होना पड़ा। मंगलवार को एआरटीओ कार्यालय में तैनात कर्मचारी सुबह से लेकर शाम तक कार्य बहिष्कार पर रहे। इसी बीच नरेंद्रनगर, ऋषिकेश, मुनिकीरेती और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग कार्यालय पहुंचे। किसी को लाइसेंस बनाने के लिए टेस्टिंग की डेट मिली थी, तो कोई लाइसेंस का रिन्यूवल कराने के लिए पहुंचा था। वाहनों के रजिस्ट्रेशन से लेकर चालान भुगतान समेत अन्य कार्यों के लिए लोग दफ्तर पहुंचते, लेकिन कर्मचारियों के कामकाज के लिए केबिन की बजाय गेट पर धरना-प्रदर्शन को देख वह वापस लौटते रहे। कुछ लाइसेंस आवेदन केबिनों को झांक कर कर्मचारियों को आवाज मारते भी सुनाई दिया। पूछताछ में कार्य बहिष्कार का पता लगने पर वह वापस हो लिए।

## रीजनल पार्टी का तहसील में प्रदर्शन

ऋषिकेश। बिरला यामा कंपनी द्वारा कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी का गुस्सा फूट पड़ा। इसको लेकर पार्टी ने प्रदर्शन करते हुए तहसील प्रशासन से कंपनी की सभी संपत्तियां नीलाम कर कर्मचारियों को वेतन भुगतान करवाने की मांग की। मंगलवार को राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि बिरला यामा कंपनी की सभी संपत्तियां अटैच करके नीलाम किया जाए तथा कंपनी के कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान कराए जाएं। बिरला यामा कंपनी के कर्मचारी यूनियन के नेता बालम सिंह रावत ने कहा कि कंपनी ने कर्मचारियों का लगभग 80 करोड़ रुपए भुगतान करना है। बावजूद इसके कर्मचारियों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय डोभाल ने कहा कि पार्टी कर्मचारियों के साथ किसी भी तरीके का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी।

## बाल वैज्ञानिकों ने मॉडल के जरिए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया

ऋषिकेश। पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालवाला में मंगलवार को विज्ञान मेले का आयोजन हुआ, जिसमें बाल वैज्ञानिकों ने मॉडल के जरिए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल विज्ञान मॉडल के बाल वर्ग में आयुष्मान पैन्यूली और किशोर वर्ग में पार्थव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेले का शुभारंभ राइका तपोवन के प्रधानाचार्य विनोद कुमार बघेल और विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने किया। विनोद कुमार बघेल ने कहा कि विज्ञान मेला छात्रों की वैज्ञानिक सोच में वृद्धि करता है, वैज्ञानिक पद्धति के प्रति रुचि को बढ़ावा देता है। प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि विज्ञान मेला एक रुचिकर एवं शैक्षिक कार्यक्रम है, जो छात्रों की रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करता है। इससे छात्रों के प्रस्तुति कौशल, आत्मविश्वास एवं संचार क्षमताओं का निर्माण होगा। इस दौरान छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल, बेताब ऊर्जा संचार, अर्थक्वेक सेंसर, हाइड्रो टैंक, वाटर साइकिल आदि का प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ढुंगमंदार के प्राथमिक और इंटर कॉलेजों में बना शिक्षकों का अभाव

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के अधिकांश प्राथमिक विद्यालय से लेकर राजकीय इंटर कॉलेज मंदार, सेमंडीधार और जूनियर हाईस्कूल स्यूरी में लंबे समय से शिक्षक नहीं है। स्कूलों में शिक्षक न होने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। लेकिन शिक्षा विभाग स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती नहीं कर रहा है। जिस कारण अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में रोष बना हुआ है। उन्होंने जल्द शिक्षकों की नियुक्ति न होने पर बेमियादी आंदोलन की चेतावनी दी। जाखणीधार ब्लॉक के ढुंगमंदार पट्टी के प्राथमिक विद्यालय मंदार, चांठी, सेमंडीधार, कस्तल, सिल्ला, स्यूरी, पुजारगांव, पुजारगांव, सारपुल से लेकर खोला नवीन में लंबे समय से एक-एक शिक्षक के भरोसे चल रहा है। प्राथमिक स्कूल कठुड में दो शिक्षक थे। लेकिन वर्तमान में दोनों शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया है। अटल आदर्श विद्यालय ढुंग में छात्र संख्या 50 है और शिक्षकों के पांच पद सृजित है। लेकिन वर्तमान में शिक्षकों के दो पद खाली है। इसके साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज सहायक अध्यापक हिंदी,सामाजिक विज्ञान,अंग्रेजी,राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता,इंटर कॉलेज सेमंडीधार में हिंदी,रसायन विज्ञान के प्रवक्ता और गणित,अंग्रेजी,हिंदी के सहायक अध्यापक के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं।

### सुरंग निर्माण से 15 किमी कम हो जाएगी देवप्रयाग से पौड़ी की दूरी

नई टिहरी। पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी ने मंगलवार को कहा कि देवप्रयाग से मंडल मुख्यालय पौड़ी की दूरी निकट भविष्य में 15 किमी तक कम हो जाएगी। जबकि दुगड्डा से सतपुली के बीच प्रस्तावित 7 किमी सुरंग से यातायात काफी सुविधापूर्ण हो जाएगा। देवप्रयाग भ्रमण पर पहुंचे विधायक ने कहा कि जामलाखाल, बलमणा, कोलासू, विदाकोटी देवप्रयाग और ऐराड़ी, नाई, लीई, धरी, पोखरी, कोठी देवप्रयाग तक सड़क निर्माण पूरा होने पर पौड़ी की दूरी देवप्रयाग से 43 से घटकर 28 किमी रह जाएगी। इससे ऋषिकेश, देहरादून, दिल्ली निवासी आसानी से पौड़ी पहुंच सकेंगे। जबकि पौड़ी विधानसभा क्षेत्र में रेलवे निर्माण से क्षतिग्रस्त देवप्रयाग पौड़ी मार्ग का 14 किमी और खंतूखाल, जनासू से बिलकेदार मार्ग का 12 किमी डामरीकरण हो रहा है। वहीं कुंडाधार, सबधारखाल मार्ग का 8 किमी और मरोड़ा डाडा नागराजा मार्ग के साढ़े 3 किमी सड़क के डामरीकरण को भी बजट मंजूर हो चुका है।

### गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग

नई टिहरी। देवप्रयाग में डीएम टिहरी मयूर दीक्षित के अध्यक्षता में पहली बार तहसील दिवस प्रस्तावित था। जिसे देखते बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता पहुंचे थे। डीएम के न पहुंचने पर एसडीएम सोनिया पंत ने समस्या सुनीं। बैठक में प्रमुख रूप से नगर और निकटवर्ती गांवों में गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग की गयी। वहीं, ऑल वेदर रोड निर्माण से क्षतिग्रस्त मार्गों को बनवाने, क्षेत्र में जलापूर्ति ठीक करने मामले रखे गए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में आ रही दिक्कतों को भी रखा गया। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष कृष्णकांत कोटियाल ने देवप्रयाग नगर में भू-स्वामित्व, सीएचसी में पर्याप्त सुविधा नहीं होने, नगर में बढ़ते आवारा पशुओं का मामला रखा। छात्र नेता नवीन कुमार ने डिग्री कॉलेज के रास्तों पर गुलदार से सुरक्षा दिये जाने की मांग की।

### नौताड़ के आपदा प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री

नई टिहरी। टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह के प्रतिनिधि के तौर पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने आपदा प्रभावित क्षेत्र जखन्याली के नौताड़ में राहत सामग्री वितरित की। यह सामग्री सांसद के अनुरोध पर हंस फाउंडेशन ने उपलब्ध कराई है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को कंबल, साड़ी, बरसाती छाता, गरम टोपी, ग्रीन टोपी, चश्मा, कपड़े और दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने सरकार और संगठन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया है। कहा कि सरकार प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्यों को तेजी से करवा रही है। सड़क, पेयजल लाइन, बिजली आपूर्ति को बहाल किया जा रहा है।

### मलेरिया, डेंगू से निपटने के लिए तैयार श्रीनगर बेस चिकित्सालय

श्रीनगर गढ़वाल। डेंगू और मलेरिया से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। हालांकि अभी तक डेंगू का कोई मरीज नहीं मिला है। उधर, डेंगू के खतरे को भांपते हुए अस्पताल में दवाइयों की व्यवस्था कर ली गई है। बरसात के बाद जगह-जगह जलभराव हो जाता है। जिसमें मच्छर का लार्वा पनपने का खतरा बना रहता है। जिसके चलते अगस्त -सितंबर महीने में डेंगू के मरीज मिलने लगते हैं। इसलिए अधिकारी लगातार लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक कर रहे हैं। बेस चिकित्सालय श्रीकोट के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि चिकित्सालय में डेंगू से निपटने के लिए पूरे संसाधन हैं। अस्पताल में दवाइयों और कीट की पूरी व्यवस्था है। बताया कि डेंगू के खतरे को भाँपते हुए बेस चिकित्सालय में 12-12 बैड महिला और पुरूष के बनाए गए हैं। जबकि 30 अतिरिक्त बैड की व्यवस्था की गई है। मलेरिया और डेंगू से निपटने के लिए सभी प्रकार की दवाईयां और किट मौजूद है।

### एनआईटी में पीजी कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा 8 को

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड में सत्र 2024-25 से तीन विषयों पर होने वाली स्नातकोत्तर की प्रवेश परीक्षा 8 अगस्त को आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा को लेकर एनआईटी प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। एनआईटी में इस सत्र से पहली बार भौतिकी, रसायन और गणित विषय में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू होने जा रहा है।

# उत्तराखंड : लहूलुहान होकर भी अंत तक लड़ते रहे लक्ष्य सेन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 07 अगस्त : लहूलुहान होने पर भी लक्ष्य सेन अंत तक पूरे प्रयास से लड़ते रहे। खेल के दौरान मैच को कई बार रोकना भी पड़ा क्योंकि लक्ष्य सेन के हाथ में लगी चोट से खून बहने लगा था। जैसे ही बैडमिंटन कोर्ट पर सेन के हाथ से खून की बूंदें गिरीं, रेफरी ने तुरंत मैच रोक दिया और हाथ पर बंधी बैंडेज को ठीक से बंधवाया।भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ब्रॉन्ज मेडल मैच नहीं जीत सके। उन्हें बैडमिंटन के मेंस सिंगल इवेंट में हार का सामना करना पड़ा, यह भारत के लिए एक निराशाजनक पल था। उत्तराखंड के युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन इतिहास रचते अगर वो इस मैच को जीत गए होते। क्योंकि भारत ने कभी भी मेंस सिंगल इवेंट में कोई मेडल नहीं जीता है। लक्ष्य सेन पहले खिलाड़ी हो सकते थे जो ऐसा करते। इस मुकाबले में उन्हें मलेशिया के ली जी जिया से हार मिली और यह मैच दोनों खिलाड़ियों के बीच काफी रोमांचक रहा।





लक्ष्य सेन और ली जी जिया के बीच खेले गए मुकाबले में ली जी जिया ने 13-21, 21-16, 21-11 के अंतर से जीत दर्ज की। पहले सेट में लक्ष्य सेन ने 21-13 से जीत हासिल की थी, लेकिन इसके बाद ली जी जिया ने शानदार वापसी की। उन्होंने अगले दोनों सेट में लक्ष्य सेन को हराया, जहां दूसरा सेट काफी रोमांचक रहा और ली जी जिया ने 21-16 से जीत प्राप्त की। हालांकि लक्ष्य सेन दूसरे सेट में शानदार फॉर्म में थे, लेकिन अचानक कुछ ऐसा हुआ जिसने उनकी लय को बिगाड़ दिया। दरअसल दूसरे सेट में लक्ष्य सेन चोटिल हो गए, जिसका असर उनकी लय पर पड़ा और इससे उनका प्रदर्शन भी गिर गया। इंजरी के बाद लक्ष्य सेन को अपने हाथ पर पट्टी लगानी पड़ी, और यह चोट उनके प्लेइंग हैंड पर हुई थी, जिससे वह सही से खेल नहीं पा रहे थे। उनके दाएं हाथ से खून भी बहने लगा था। इस कारण कई बार उन्होंने मैच के बीच में ब्रेक लिया। अंत में यह स्पष्ट हो गया कि वह अपनी चोट से काफी परेशान थे, और यही एक बड़ा कारण रहा कि वह अगले दोनों सेट हार गए।

हालांकि 22 वर्षीय लक्ष्य सेन इस बार कोई मेडल नहीं जीत सके, लेकिन उन्होंने बैडमिंटन में भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर दिया है। लक्ष्य ने सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर-2 खिलाड़ी और 2020 टोक्यो ओलंपिक्स के चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को कड़ी टक्कर दी थी, लेकिन अंततः 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार सेटों में जीत हासिल की, लेकिन मुकाबला समाप्त होने के बाद उन्होंने लक्ष्य की जमकर तारीफ की। विक्टर ने कहा कि लक्ष्य एक बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और वह चार साल बाद 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के प्रमुख दावेदार होंगे।

## संपादकीय

### शेख हसीना का तख्तापलट

बांग्लादेश की राजधानी ढाका की सडकों पर विद्रोह, आक्रोश और गुस्सा स्पष्ट दिख रहे थे, हिंसा दोतरफा थी, लिहाजा 366 से अधिक लोग मारे गए, नौजवानों को कफ्र्यू की भी परवाह नहीं थी, 15-20 पुलिस कर्मी भी मारे गए, करीब 11000 गिरफ्तारियां की गईं, अनुमान है कि आरक्षण पर छिड़े आंदोलन के दौरान 10 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है, लेकिन अचानक परिदृश्य तब बदला, जब प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देना पड़ा और देश छोड़ कर भागना पड़ा। फिलहाल वह भारतीय वायुसेना के किसी 'सेफहाउस' में हैं। बेशक कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों ने आरक्षण के मुद्दे पर आंदोलन का आगाज किया था, लेकिन छात्रों के साथ युवा-शक्ति भी जुड़ गई और शेख हसीना को 'तानाशाह' और 'गैर-लोकतांत्रिक' करार देते हुए प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग लगातार उग्रहोती गई। युवाओं की भीड़ में आतंकवादी, उग्रवादी, गद्दार और देशद्रोही भी थे अथवा वे सिर्फ आंदोलनकारी ही थे, शेख हसीना ने इस पर टिप्पणी भी की, तो वे ज्यादा उग्रहो गए। जिस शख्सियत ने प्रधानमंत्री के तौर पर 15 साल तक देश पर शासन किया था, उसे 15 मिनट में ही इस्तीफा देने और देश छोड़ कर चले जाने का फैसला करना पड़ा। सेना प्रमुख ने उन्हें 45 मिनट में ही देश छोड़ कर चले जाने का आग्रह किया और उनके सारे सामान की तलाशी ली गई। अचानक ये हालात किस लोकतंत्र की परिभाषा हैं? बांग्लादेश के राष्ट्रपिता एवं 'मुक्ति संग्राम' लडक़र एक नए देश की स्थापना करने वाले शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा पर हथौड़े चलाए गए और बुलडोजर से उसे खंडित किया गया, यह कौनसे लोकतांत्रिक संस्कार हैं, जो देश की विरासत और धरोहर को ही ध्वस्त कर रहे हैं? बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के साथ ही एक और देश में लोकतंत्र की हत्या कर दी गई। हमने श्रीलंका और अफगानिस्तान में भी ऐसे तख्तापलट देखे हैं। वहां भी भीड़ 'राष्ट्रपति भवन' के भीतर घुस गई थी। खूब हंगामा मचाया, तोडफ़ोड़ की और लूटपाट मचाई। ढाका में शेख मुजीब के म्यूजियम को भी आग के हवाले कर दिया गया। बेशक यह लोकतंत्र नहीं, अराजकता और जंगली राजनीति है। शिकायत प्रधानमंत्री से हो सकती है, तो लोग उनसे बात कर सकते हैं। किसी आपत्तिजनक फैसले को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। बांग्लादेश की सर्वोच्च अदालत ने आरक्षण को घटा कर मात्र 7 फीसदी कर दिया था। हालांकि प्रधानमंत्री ने भी आरक्षण को कम करके 5 फीसदी कर दिया था। लोकतंत्र में मारामारी की कोई गुंजाइश नहीं होती। बहरहाल भारत इस समय ऐसे पड़ोसी देशों से घिरा है, जो अस्थिर, दिवालिया और चीनपरस्त हैं। नेपाल में फिर सत्ता बदली है और नए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली पूरी तरह चीनपरस्त हैं। पाकिस्तान और मालदीव के समूचे हालात ऐसे हैं कि उन्हें चीन का कर्जदार होना ही पड़ता है। भारत के साथ बांग्लादेश की सीमा 4096 किलोमीटर है। असम, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय और पश्चिम बंगाल सीमावर्ती निकटस्थ भारतीय राज्य हैं, लिहाजा वहां अलर्ट घोषित किया गया है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## बस्तिया के पास डंपर में आग लगी

चम्पावत। टनकपुर-चम्पावत नेशनल हाइवे में बस्तिया के पास एक डंपर में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग लगने से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम हाईवे से लगे बस्तिया के पास डंपर वाहन संख्या यूके 09सीए 1359 के टायर में आग लग गई। अग्निशमन अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया। टीम में एलएफएम विरेंद्र कुमार, कृष्ण सिंह, सुनील कुमार, रवींद्र कुमार, नरेश कुमार, नीलम रावत, निर्मला राठौर आदि शामिल रहे।

## बुजुर्ग ने धोखे से बेटे पर फायर झोंका

चम्पावत। मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे एक बुजुर्ग ने सोमवार रात धोखे से बेटे पर लाइसेंसी बंदूक से फायर झोंक दिया। बेटे के हाथ और पैर में छर्रे लगे हैं। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल की हालत खतरे से बाहर है। चम्पावत के दुधपोखरा गांव में 75 वर्षीय एक बुजुर्ग ने धोखे में अपने ही बेटे पर लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दिया। बुजुर्ग के परिजनों ने पुलिस को इस बात की जानकारी दी। परिजनों की पुलिस को दी जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग सोमवार देर रात बंदूक लेकर घर से बाहर निकले। बुजुर्ग को लगा कि कोई उन्हें पिस्टल से मारने के कोशिश कर रहा है। बचाव में उन्होंने फायर झोंक दिया। जिससे बुजुर्ग के बेटे के हाथ और पैर छर्रे लग गए। परिजनों के मुताबिक बुजुर्ग कुछ समय पूर्व से बहकी बहकी बातें कर रहे हैं। बताया कि तीन पहले बुजुर्ग को दिखाने खटीमा ले जा रहे थे। तब उन्होंने चलती कार का दरवाजा खोल दिया था। कोतवाल पीएस नेगी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## 40 लीटर कच्ची शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

पिथौरागढ़। जाजरदेवल पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने पधेड़ा गांव में छापा मारा। इस दौरान राजेंद्र सिंह के पास से 40लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने संबंधित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 अगस्त को चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

चम्पावत। आगामी 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान चलेगा। इस संबंध में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वीसी के जरिए डीएम को निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वीसी के जरिए निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बनाए गए अमृत सरोवरों में झंडा फहराने को कहा। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम के तहत कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। विकसित भारत का मंत्र, नशे से हो देश स्वतंत्र के तहत 12 अगस्त को सभी स्कूलों, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि अन्य संस्थानों में नशा मुक्ति की शपथ दिलाने को कहा। वीसी में सीडीओ संजय कुमार, डीएफओ आरसी कांडपाल, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, एसडीएम सौरव असवाल आदि मौजूद रहे।

### उप राष्ट्रपति जगदीश धनकड़ ने किया कमल गहतोड़ी को सम्मानित

चम्पावत। पाटी ब्लॉक के तोली ग्राम पंचायत के मूल निवासी कमल गहतोड़ी को उप राष्ट्रपति जगदीश धनकड़ ने सम्मानित किया। राज्यसभा इंटर्नशिप प्रोग्राम प्रथम बैच में प्रशिक्षक के तौर पर सराहनीय कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। उप राष्ट्रपति ने कमल गहतोड़ी को प्रशस्ति पत्र देकर राज्य सभा सचिवालय के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए गए योगदान की सराहना की। समारोह में राज्य सभा सचिवालय के महासचिव, उप सचिव व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कमल ने इस सम्मान के लिए उप राष्ट्रपति और सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया।

### महिलाओं को दी कपड़ा सिलाई की जानकारी

चम्पावत। आरसेटी की ओर से पांच दिनी प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस दौरान महिलाओं को कपड़ा सिलाई की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि आरसेटी निदेशक प्रांशु मैठाणी ने प्रशिक्षण में मिली जानकारी से स्वरोजगार करने को कहा। चम्पावत में मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। आरसेटी निदेशक ने विभिन्न प्रकार की बैंकिंग, ऋण, साइबर क्राइम, सरकारी योजना, सामाजिक सुरक्षा स्कीम, समय प्रबंधन, स्वरोजगार की जानकारी दी। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अमित भाकुनी ने विभागीय जानकारी दी। प्रशिक्षण में जिले के अलग अलग क्षेत्रों की 18 महिलाओं ने हिस्सा लिया। आयोजन में आरसेटी के राजेश पंत, महेंद्र सिंह पटवा, छवि दत्त पांडेय आदि ने सहयोग दिया।

### हमलावर पर दस हजार का अर्थदंड लगाया

चम्पावत। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने हमलावर दोषी चालक पर दस हजार रुपये जुर्माना लगाया है। साथ ही कोर्ट उठने तक खड़ा रहने की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार अभियोजन पक्ष ने कोतवाली में कुलदीप उर्फ विजय जोशी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। अभियोजन पक्ष का कहना था कि अगस्त 2019 में उसका भाई हिमांशु साह अपने दोस्त मानवेंद्र के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान कुलदीप जोशी ने टैक्सी स्टेंड के पास दोनों को वाहन से टक्कर मार दी। इसके बाद वह फरार हो गया। किसी तरह हिमांशु अपनी दुकान पर आ गया। इसके बाद आरोपी कुलदीप ने दुकान में जाकर हिमांशु के सिर में डंडे से गंभीर चोट पहुंचाई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सीजेएम निहारिका मित्तल गुप्ता ने आरोपी को दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष की ओर से श्याम सिंह भंडारी ने पैरवी की।

### एसपी ने किया टनकपुर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण

चम्पावत। एसपी अजय गणपति ने टनकपुर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा उपकरणों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसपी ने बेहतरीन टर्न आउट वाले तीन कर्मचारियों को पुरस्कार दिए। मंगलवार को एसपी ने टनकपुर कोतवाली में अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार, दंगा नियन्त्रण शस्त्रों, टियर गैस, सीसीटीएनएस, लावारिस वाहनों, मैस, बैरक, आवास परिसर, नवनिर्मित सिटी कन्ट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया। यहां सीओ शिवराज सिंह राणा, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय, एसएसआई सुरेंद्र सिंह कोरंगा, पेशकार दीवान सिंह जलाल, गोपाल गोस्वामी, शंकर दत्त, हर्षवर्धन राणा, नासिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# केदारघाटी में युद्ध स्तर पर जारी है सड़कों को खोलने का काम : सतपाल महाराज

## केदार घाटी के पड़ावों में फंसे लगभग सभी यात्री सुरक्षित निकाले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 7 अगस्त , प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि केदारनाथ पैदल मार्ग और हाईवे को शीघ्र सुचारु करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है मार्ग खुलते ही पुनः केदारनाथ यात्रा प्रारम्भ कर दी जाएगी। मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि 31 जुलाई की रात्रि में अतिवृष्टि के चलते केदार घाटी में रास्ते क्षतिग्रस्त होने से विभिन्न पड़ावों पर फंसे हुए लगभग सभी तीर्थ यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को जिला

■ पर्यटन मंत्री बोले मार्ग खुलते ही शुरू हो जायेगी केदारनाथ यात्रा

प्रशासन व पुलिस प्रशासन सहित अन्य सुरक्षा बलों ने लगातार रेस्क्यू अभियान चला कर सुरक्षित निकाल लिया है। केदारनाथ पैदल मार्ग और हाईवे को शीघ्र सुचारु करने के लिए राज्य सरकार द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है मार्ग खुलते ही पुनः केदारनाथ यात्रा प्रारम्भ कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उन्होंने ने हाल ही



में आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान हर स्तर पर सभी लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के के साथ साथ उनके भोजन-पानी की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था और पूरे रेस्क्यू अभियान की हम लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री महाराज ने कहा कि केदार घाटी के विभिन्न पड़ावों में फंसे 11775 श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के साथ-साथ एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने लगभग सभी लोगों को निकाला लिया है। लेकिन इसके बावजूद भी टीमें अभी भी केदारनाथ, लिनचोली, भीमबली, सोनप्रयाग, शेरसी, गुप्तकाशी एवं चैमासी सहित अन्य पड़ावों में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जहां बीकेटीसी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों का भी पूर्ण सहयोग रहा वहीं जीएमवीएन एवं स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर भोजन भी उपलब्ध करवाया गया। राहत एवं बचाव कार्य में वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भी विशेष भूमिका निभाई है। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर आई आपदा के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित अन्य सुरक्षा बल लगातार रेस्क्यू अभियान चलाकर यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास करते रहे तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष संकट की इस घड़ी में सहयोग करने के बजाय सरकार पर दोषारोपण की राजनीति करता रहा।

## सिमली में उमेश खंडूड़ी के सत्याग्रह को मिल रहा समर्थन

चमोली। महिला बेस अस्पताल सिमली में 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता उमेश खंडूडी का सिमली में सत्याग्रह आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि अस्पताल बनने के दो वर्ष बाद भी सिमली अस्पताल मे स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। अस्पताल में प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड, एक्सरे की व्यवस्था, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हो व एंबुलेंस सेवा शुरू की जाय। उमेश खंडूड़ी ने कहा की यदि 5 दिन के भीतर मांगें नहीं मानी गई तो छटवें दिन से आमरण सत्याग्रह शुरू हो जाएगा। उनके साथ चंद्रशेखर मैठाणी,भालचंद्र डिमरी, इंद्रसिंह नेगी, चैतसिंह रावत बलबीर लडोला, हर्षवर्धन डिमरी, मंगी लाल आदि सत्याग्रह पर बैठे रहे।

## आदिबदरी-नौटी मोटर मार्ग को दुरस्त करने की मांग

चमोली। आदिबदरी क्षेत्र के लोगों ने आदिबदरी-नौटी मोटर मार्ग को दुरस्त करने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने कहा कि गई बार मार्ग पर पुश्ते, नाली व डामरीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। अगर एक माह के अंदर मार्ग दुरस्त नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। लोनिवि गौचर के अधिशाषी अभियंता से मुलाकात कर कांसुवा, आली, मज्याड़ी, मिरोली, हरगांव, नौना व पयां के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कांसुवा राजजात मोटर मार्ग का निर्माण कार्य समाप्त हुये करीब 15 साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक मार्ग पर डामरीकरण, चौडीकरण, पुस्ता एवं नाली निर्माण का कार्य नहीं हो पाया है। एसे में लोगों को बरसात में सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। कई बार समस्या को सीएम, डीएम, एसडीएम, जेई व एई के सम्मुख रखे जाने के बावजूद कोइर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे क्षेत्रीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है। यदि जल्द सड़क दुरस्त नहीं की गई तो क्षेत्रीय जनता,जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठन सितंबर माह से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व अनशन पर बैठेंगे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य कलम कोहली, ग्राम प्रधान कांसुवा भूपेंद्र कुंवर, प्रताप सिंह, सिंह कुंवर, लक्ष्मण सिंह, जयकृत सिंह, नरेंद्र कुंवर, पृथ्वी सिंह, प्रेम रौतेला, मनवर कुंवर, संजय सिंह, ऋषभ सिंह, राहुल सिंह, दीपक नवानी आदि मौजूद रहे।

## सिमली में बेस अस्पताल के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिले विधायक नौटियाल

चमोली। कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनसिंह रावत से मुलाकात कर सिमली में बने अस्पताल को पूर्ण बेस अस्पताल में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा है। विधायक ने कहा कि सिमली जनपद चमोली का केंद्र बिंदु है। वहां महिला बेस चिकित्सालय का निर्माण पूरा हो चुका है। अभी तक वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। सिमली में चिकित्सालय के पास पर्याप्त परिसर एवं भवन है। जिसमें पूर्ण रूप से बेस अस्पताल का संचालन किया जा सकता है। उन्होंने मंत्री से कहा कि सिमली में बेस अस्पताल बनने से लाखों लोगों को फायदा मिलेगा और इलाज के लिए श्रीनगर, ऋषिकेश या देहरादून नहीं जाना पड़ेगा। विधायक ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने साकारात्मक आश्वासन दिया है साथ ही सीएमओ से इस विषय में प्रस्ताव मांगा है।

## वीरनारियों का सम्मान किया

चमोली। शहीद सैनिकों के परिवारों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की राज्य सरकार की घोषणा पर बदरी विशाल पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने आभार जताया है। मंगलवार को गोपेश्वर में आयोजित पूर्व सैनिकों, वीर नारियों का सम्मान किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत कैप्टन दर्शन सिंह बिष्ट, सेवानिवृत कैप्टन वीरेंद्र सिंह रावत, रूप चंद सिंह, भगत सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र सिंह तोपाल, मकर सिंह, गोविन्द सिंह, महेन्द्र सिंह राणा, शान्ति राणा, कमला देवी, कुसुम लता, बुद्धि प्रसाद त्रिपाठी, बीरेंद्र सिंह, पूरण सिंह आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों प्रभावित परिवार को बंधाया ढाढस

चमोली। कांग्रेस कार्यकताओं ने रोहिड़ा ग्राम पंचायत के उपग्राम में झोडू सिमार में मकान टूटने से मृत राधा देवी के परिजनों से राप्रावि छडीसैंण में मुलाकात पर परिवार को ढांढस बंधाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने बताया कि प्रशासन ने वर्तमान में इस परिवार को राप्रावि छडीसैंण में शिफ्ट किया है। जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रभावित परिवार की मदद की गई। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र थोकदार, जिला महामंत्री अजय किशोर भंडारी, ब्लॉक अध्यक्ष दान सिंह नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष हरेन्द्र कंडारी, क्षेपंस वीरेन्द्र लाल, दीवान राम, राकेश नेगी, ईश्वरी मैखुरी, प्रदीप कुंवर आदि मौजूद रहे।

## सरकार आपदा में हुई जनधन हानि का आंकलन कर जल्द करे सार्वजनिक: सती

रुद्रप्रयाग। भाकपा माले गढ़वाल इकाई के सचिव अतुल सती ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि केदारनाथ पैदल मार्ग पर हुई घटना को लेकर जन-धन हानि का तत्काल आंकलन कर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को वर्ष 2013 की आपदा के अनुरूप मुआवजा देने की घोषणा की जाए। रुद्रप्रयाग में प्रेसवार्ता करते हुए गढ़वाल सचिव अतुल सती ने पांच सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को देते हुए कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद से ही लगातार केदारघाटी क्षेत्र आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील बना है। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण और इसरो ने भी रुद्रप्रयाग जिले को पूरे देश में आपदा के लिए अति संवेदनशील जिले के तौर पर चिन्हित किया है। ऐसे में यहां और भी सतर्कता बरतने की जरूरत थी किंतु 31 जुलाई को मौसम की अग्रिम चेतावनी रेड अलर्ट के बावजूद भी यात्रा जारी रखना और हजारों लोगों का धाम और पैदल रास्तों में मौजूद होना एक बड़ी लापरवाही की ओर संकेत करता है।

## स्यूल-कोटी मार्ग पर पहाड़ी से हो रहा भूस्खलन

नई टिहरी। मंगलवार सुबह भी मार्ग पर बड़े-बड़े बोल्डर गिरे। जिससे यातायात बाधित रहा। साथ ही स्कूली बच्चे और आवश्यक कार्य से ब्लॉक और जिला मुख्यालय जाने वाले लोगों के वाहन फंसे रहे। ग्रामीण रविंद्र सिंह, विक्रम सिंह, कुलदीप, देव सिंह, विनोद सिंह और जगवीर ने बताया कि बीते एक साल से स्यूल-कोटी मोटर मार्ग पर लगातार भूस्खलन हो रहा है। जिसका लोनिवि ने स्थाई समाधान नहीं खोजा है। कहा कि वह लगातार विभाग से इसका स्थाई समाधान करने और मार्ग पर सुरक्षात्मक कार्य किए जाने की गुहार लगा रहे हैं। लोनिवि चंबा के ईई जगदीश खाती ने बताया कि बारिश में लगातार भूस्खलन हो रहा है।

## देवप्रयाग में तहसील दिवस में दर्ज हुई 59 शिकायतें

नई टिहरी। देवप्रयाग में मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में डीएम के न पहुंचने से फरियादियों में यहां निराशा बनी रही। बाद में एसडीएम सोनिया पंत ने 50 से अधिक शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया। तहसील दिवस में फरियादियों ने 59 शिकायतें दर्ज कराई। मंगलवार को देवप्रयाग में डीएम टिहरी मयूर दीक्षित के अध्यक्षता में पहली बार तहसील दिवस आयोजित था। जिसको देखते यहां बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे थे। डीएम के न आने पर एसडीएम सोनिया पंत के सामने फरियादियों ने शिकायते रखी। बैठक में प्रमुख रूप से नगर व निकटवर्ती गांवों में गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग की गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### तहसील मुख्यालय बीरोंखाल के लिए आंदोलन

पौड़ी। व्यापार मंडल विकास समिति, तहसील निर्माण समिति के अध्यक्ष डॉ. जेएस नेगी ने कहा कि 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बीरोंखाल में तहसील,स्यूंसी झील, बैजरों में मिनी स्टेडियम की घोषणा की थी। आरोप है कि कुछ लोगों के चलते तहसील का संचालन स्यूंसी में कर दिया गया। जिससे क्षेत्रीय जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपने स्थाई, जाति, खाता- खतौनी और तहसील संबंधी कार्यों के लिए आठ किलोमीटर दूर स्यूंसी जाना पड़ता हैं। समिति अध्यक्ष ने बताया कि तहसील बीरोंखाल में होने से सभी विभागों के अधिकारी ब्लॉक मुख्यालय में समय से मिल सकते हैं। बीरोंखाल निर्माण समिति सचिव यशपाल ने कहा कि तहसील बनाने के लिए डुमैला मल्ला के ग्रामीणों ने अपनी चालीस नाली उपजाऊ भूमि निशुल्क दान दी है।

### पौड़ी की नानघाट पेयजल योजना का पानी सड़क पर बह रहा

पौड़ी। सिंगोरी की प्रधान सरोजनी देवी, सुमन नेगी, महेंद्र सिंह, हुकुम सिंह आदि ने बताया कि नानघाट पेयजल योजना का पाइप फैड़खाल और चौबट्टा के बीच लीक हो रही है। जिससे सड़क पर हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। बताया कि पेयजल सड़क पर लीक होने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। जिससे दोपहिया और अन्य वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। बताया कि इससे पूर्व संबंधित विभाग को भी अवगत कराया गया था। विभाग ने पाइप लाइन को ठीक किया, लेकिन फिर से यहां पर पेयजल लीक होने से लोगों को आवाजाही करने में समस्याएं हो रही है।

### स्वयंसेवियों ने लगाए विभिन्न प्रजाति के पौधे

पौड़ी। पौधरोपण का शुभारंभ करते हुए बीपीएड विभागाध्यक्ष डॉ. गोपेश कुमार सिंह ने कहा प्रकृति को बचाने के लिए सबको आगे आना होगा। इसके लिए पौधरोपण और उनका संरक्षण करना जरूरी है। प्राध्यापक राम सिंह नेगी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। डॉ. मंजीत सिंह भंडारी ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे रोप उनका संरक्षण जरूरी है। वनकर्मी रेनू सजवाण ने पौधरोपण के सही तरीके की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पर्यावरण संतुलन में पेड़-पौधों के महत्व को समझाया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवकृष्ण थपलियाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी नौटियाल, डॉ. वीरेंद्र चंद, डॉ. राजीव दूबे आदि मौजूद रहे।

### मासिक भत्ता व पेंशन की उठाई मांग

पौड़ी। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पोखड़ा विकासखंड को कार्यालय भवन और टाईप 3 भवन के नव निर्माण कार्य सहित लगभग चार करोड़ की योजनाओं की सौगात देने के साथ-साथ हरेला पर्व पर पौधरोपण भी किया। सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत मंगलवार को पोखड़ा विकासखंड मुख्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राज्य योजना मद से 338.82 लाख की धनराशि से नवनिर्मित ब्लाक कार्यालय भवन का लोकार्पण करने के साथ-साथ जिला योजना मद से निर्मित होने वाले 60 लाख की लागत के टाईप 3 भवन के का शिलान्यास कर पोखड़ा विकासखंड को 398.82 लाख लगभग चार करोड़ की योजनाओं की सौगात देने के साथ-साथ पोखड़ा रेंज में लोक पर्व हरेला पर वृक्षारोपण भी किया।

### म्यांमार में फंसे हुए जनपद के नागरिकों का विवरण मांगा

चमोली। उत्तराखण्ड शासन द्वारा म्यांमार में फंसे हुए जनपद के नागरिकों का विवरण मांगा गया है। प्रभारी अधिकारी विनीता भटट ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड राज्य के कतिपय नागरिक म्यांमार फंसे हुए हैं म्यांमार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद के नागरिकों का नाम,उत्तराखंड एवं म्यांमार में पता, मोबाइल नम्बर, ईमेल पासपोर्ट नंबर आदि की जानकारी शासन से साझा करने को कहा है जिससे उनकी सुरक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय,विदेश मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा है कि अगर किसी के सगे संबंधी म्यांमार में रहते हैं तो वे आपातकालीन नम्बर 112 पर उनका विवरण उपलब्ध करा सकते हैं।

### मदन सिंह रावत बने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

रुद्रप्रयाग। गुप्तकाशी के वरिष्ठ व्यापारी मदन सिंह रावत को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। उन्हें केदारघाटी में सोनप्रयाग, फाटा और गौरीकुंड इकाईयों को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष अंकुर खन्ना ने बताया कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने मदन सिंह रावत को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया है।